This question paper contains 8 printed pages.

**6857** Your Roll No. ..............................

**LL.B. / I Term** **G**

Paper LB-105— FAMILY LAW – I

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणीः— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any five questions*
*All questions carry equal marks.*
*Support your answer with relevant statutory provisions and case law.*

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। अपने उत्तरों को प्रासंगिक वैधानिक प्रावधानों और वाद-विधि से पुष्ट कीजिए।*

1. (a) In 1970, Gopal living in Chennai, solemnized his marriage with Jaya, the daughter of his sister according to proper Hindu rites. In 1980, he entered into a marriage with Lakshmi by tying thirumangalam around her neck. On being

prosecuted for bigamy u/s 494 IPC, Gopal contended that since an important ceremony namely Saptapadi had not been performed by him with Lakshmi, he cannot be prosecuted for bigamy. He also contended that his first marriage with Jaya was also not valid, as being hit by prohibited relationship. Discuss the tenability of his arguments.

1970 में चैन्नई में रहने वाले गोपाल ने अपनी बहन की लड़की जया से हिन्दू रीति-रिवाजों से शादी रचाई। 1980 में लक्ष्मी से शादी की उसके गले में थिरूमंगलम पहना कर। धारा 494 IPC के तहत् द्विविवाह का वाद आने पर गोपाल ने कहा कि क्योंकि उसने लक्ष्मी के साथ सप्तपदी, एक आवश्यक रीति, नहीं पूरी की है इसलिये उस पर द्विविवाह का वाद नहीं चलाया जा सकता। उसने यह भी दावा किया कि जया के साथ उसकी पहली शादी भी वैध नहीं है क्योंकि वह निषिद्ध रिश्ते में आती है। उसके तर्कों की विश्वसनीयता का विवेचन कीजिए। 10

(b) Discuss the validity of the following marriages under Muslim Law:

(i) Shahrukh marries Aisha, a widow whose husband had died three weeks before.

(ii) Saif marries Sareena, who is Hindu by religion.

मुस्लिम कानून के तहत् निम्न विवाहों की वैधता का विवेचन कीजिए:—

(i) शाहरुख का एक विधवा आयशा से विवाह जिसका पति तीन हफ्ते पहले ही गुज़रा है।

(ii) सैफ का एक हिन्दू स्त्री सरीना से विवाह। 10

2. (a) The marriage of Rajendra with Seema could not be consummated owing to the fact that Seema was suffering from 'prolapse of uterus'. In 2015, Rajendra filed a petition for annulment of marriage under section 12(1)(a) and (c). The counsel for Seema contended that she did not suffer from any sexual defects before her marriage and neither she nor her parents were aware of any such defect at any time before or after the marriage. Decide.

"यूटरस का प्रोलैप्स" से पीड़ित होने के कारण राजेन्द्र का सीमा से विवाह मुकम्मल नहीं हो पाया था। 2015 में धारा 12(1)(a) और (c) के अन्तर्गत राजेन्द्र ने विवाह के निरसन की याचिका दायर की। सीमा के वकील ने दावा किया कि शादी से पूर्व सीमा किसी भी यौन-समस्या या यौन-त्रुटि से ग्रसित नहीं थी तथा न सीमा और न ही उसके माता-पिता शादी से पहले या उसके बाद ऐसी किसी कमी या त्रुटि से अवगत थे। निर्णय कीजिए। 10

(b) Ram aged 21 years married Lakshmi aged 16 years. Discuss the validity of marriage under Hindu Marriage Act, 1955 and Prohibition of Child Marriage Act, 2006.

21 वर्षीय राम ने 16 वर्षीय लक्ष्मी से शादी की। हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 तथा बाल विवाह निषेध

अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत इस विवाह की वैधता का विवेचन कीजिए। 10

3. Kalpana and Raj working in a call centre at Delhi got married as per Hindu rites. The call centre was later closed due to recession. While Raj could not get any suitable job, Kalpana got a good job at Bengaluru. After three years, Raj files a suit for restitution of conjugal rights asking her to leave the job and join him at Delhi. Will he succeed?

एक कॉल सैन्टर में कार्यरत कल्पना और राज ने हिन्दू रीति-रिवाजों से विवाह किया। बाद में मंदी के कारण कॉल सैन्टर बंद हो गया। हालांकि राज को कोई उपयुक्त नौकरी नहीं मिली, कल्पना को बंगालुरू में अच्छी नौकरी मिल गयी। तीन वर्ष पश्चात् राज ने दाम्पत्य अधिकारों की बहाली के लिए दावा किया, यह माँगते हुए कि कल्पना नौकरी छोड़कर दिल्ली उसके पास आ जाये। क्या वह सफल होगा? 20

4. Soon after the marriage, Durga realised that her husband Harsh is not taking any interest in her and hardly spends any time with her. At times he behaves in a very disorderly manner also. Once, when the father of Durga wanted to get Harsh examined by a psychiatrist he got so much offended that he threw Durga out of house. Three years elapsed and he did not make any efforts to bring her back. What legal remedies are available to Durga? Discuss.

विवाह के तुरन्त बाद दुर्गा को अहसास हो गया कि उसका पति हर्ष उस पर ध्यान नहीं दे रहा और उसके साथ मुश्किल से समय व्यतीत करता है। समय-समय पर वह उसके साथ बहुत दुर्व्यवहार भी करता है। जब दुर्गा के पिता ने हर्ष को एक मनोचिकित्सक को दिखाना चाहा तो हर्ष को बहुत बुरा लगा और उसने दुर्गा को घर से निकाल दिया। तीन साल बीत गये, उसने दुर्गा को वापस लाने की कोई कोशिश नहीं की। दुर्गा के पास क्या न्यायिक उपचार उपलब्ध हैं? विवेचन कीजिए। 20

5. Kunal and Krity got married in Jan. 2013 as per Hindu rites and ceremonies. In Feb. 2013, Kunal left for USA leaving behind Krity and never made any attempt to take her there. In Jan. 2016, he came to India and in April 2016, both Kunal and Krity file a petition for divorce u/s 13B, HMA. The A.D.J. fixed the date of second motion after six months. Kunal and Krity want divorce on the basis of first petition and seek your advice Advise them.

जनवरी 2013 में कुणाल व कृति ने हिन्दू रीति-रिवाजों से शादी की। फरवरी 2015 में कुणाल कृति को पीछे छोड़कर अमेरिका चला गया। उसने कृति को वहाँ बुलाने की कोई कोशिश नहीं की। जनवरी 2016 में वह भारत आया और अप्रैल 2016 में दोनों ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 13B के अन्तर्गत विवाह विच्छेद की याचिका दायर की। ADJ ने दूसरे मोशन की तिथि छः माह बाद की दी। कुणाल व कृति पहली याचिका के आधार पर ही विवाह-विच्छेद चाहते हैं और आपका परामर्श माँगते हैं। परामर्श दीजिए। 20

6. (a) Saroj has a son Kartik from Suraj born outside wedlock. Kartik is suffering from mental disability. Suraj is lawfully married to Sunita and has a son from her. Suraj wants to adopt Kartik. Can he validily adopt Kartik under HAMA, 1956 or JJ Act, 2000?

सरोज के सूरज से विवाह से बाहर एक पुत्र कार्तिक है। कार्तिक को मानसिक अयोग्यता है। सूरज की शादी सुनीता से हुई है और उनके एक बेटा है। सूरज कार्तिक को गोद लेना चाहता है। क्या वह कार्तिक को वैध प्रकार से HAMA, 1956 अथवा JJ Act, 2000 में गोद ले सकता है? 10

(b) Sonali and her husband Rahul are a childless couple. In 2012 Sonali aged 30 years adopts a girl child aged 14 years, with the consent of Rahul. Is adoption valid under HAMA, 1956? Will your answer be different if she adopted in 2009?

सोनाली व उसका पति राहुल निसंतान दम्पति हैं। वर्ष 2012 में 30 वर्षीय सोनाली ने राहुल की सहमति से एक 14 वर्षीय लड़की को गोद लिया। HAMA, 1956 के अन्तर्गत क्या यह गोद लेना वैध है? यदि सोनाली ने 2009 में गोद लिया होता तो क्या आपका उत्तर भिन्न होता? 10

7. In Jan. 2000, Afaq pronounced triple talaq in a fit of extreme anger, in the presence of his mother, sister and brother, his wife Salma being away to her parents house. Thereafter he forgot about triple talaq and

continued to live with Salma when she came back home in May 2000. Once again there was discord between them and Afaq pronounced triple talaq again in Jan. 2001. Salma approached the Crime Against Women Cell to seek advice. During the inquiry she came to know, for the first time, that Afaq had given her talaq earlier also in Jan. 2000. She prosecutes Afaq for committing rape upon her from May 2000 to Jan. 2001, u/s 375 IPC. Will she succeed? Discuss in the light of the legality and effect of triple talaq.

जनवरी 2000 में उसकी पत्नी सलमा के अपने माता-पिता के घर होने के समय आफाक ने अत्यधिक गुस्से के दौरे में अपनी माँ, बहन व भाई के सामने तीन बार तलाक बोल दिया। तत्पश्चात् वह इस घटना को भूल गया और मई 2000 में, सलमा के वापस घर आने के बाद उसके साथ रहने लगा। कुछ समय बाद दोनों में फिर से अनबन हुई और आफाक ने जनवरी 2001 में फिर से तीन बार तलाक बोल दिया। सलमा परामर्श के लिये महिलाओं के विरुद्ध अपराध प्रकोष्ठ के समक्ष जाती है। जाँच के दौरान सलमा को पता चला कि आफाक ने जनवरी 2000 में पहले भी उसे इसी प्रकार तलाक दिया था। IPC की धारा 375 के तहत् वह मई 2000 से जनवरी 2001 तक आफाक द्वारा बलात्कार करते रहने का वाद लाती है। क्या वह सफल होगी? तीन तलाक की वैधता और प्रभाव के प्रकाश में विवेचन कीजिए।

8. Write short notes on any *two* of the following:

(a) Option of puberty under Muslim Law

(b) Effect of conversion by a spouse under Muslim Law

(c) Maintenance of wife under Hindu Law and Secular Law

(d) Mother as guardian under HAMA, 56.

निम्न में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(a) मुस्लिम कानून के तहत् यौवनारम्भ का विकल्प

(b) मुस्लिम कानून के अन्तर्गत जीवन-साथी के धर्म-परिवर्तन का प्रभाव

(c) हिन्दू कानून तथा धर्मनिरपेक्ष कानून में पत्नी का भरण-पोषण

(d) HAMA, 1956 में अभिभावक के रूप में माँ।